सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र
Information and Library Network Centre
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र
An Autonomous Inter-University Centre of UGC
गांधीनगर / Gandhinagar – 382007

INFLIBNET

दिनांक : १२/०८/२०२२

## राजभाषा हिंदी समिति एवं उप-समिति की संयुक्त बैठक का विवरण

केंद्र में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु हिंदी समिति एवं अन्य संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन करने हेतु हिंदी समिति तथा उप-समिति का गठन किया गया है। आगामी हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाडा के आयोजन हेतु संयुक्त बैठक दिनांक १०/०८/२०२२ को अपराह्न ५.00 बजे समिति कक्ष में माननीय श्री मनोज कुमार के, वैज्ञानिक – ई (सीएस) एवं संयोजक हिंदी समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

निम्नलिखित समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित रहे :

| | |
|---|---|
| १. श्री मनोज कुमार के, वैज्ञानिक-ई (सीएस) | - संयोजक |
| २. श्री अशोक कुमार राय, वैज्ञानिक-ई (सीएस) | - सदस्य |
| ३. श्री यात्रिक पटेल, वैज्ञानिक-ई (सीएस) | - सदस्य |
| ४. श्री गौरव प्रकाश, वैज्ञानिक-सी (सीएस) | - सदस्य |
| ५. डॉ मितेशकुमार पंड्या, वैज्ञानिक-सी (एलएस) | - सदस्य एवं संयोजक, उप-समिति |
| ६. डॉ सुरभि, वैज्ञानिक-सी (एलएस) | - सदस्य, उप-समिति |
| ७. श्री हरीश चंद्र, प्रशाशनिक अभिकारी (पी एवं ए) | - सदस्य |
| ८. श्री धर्मेशकुमार शाह, वैज्ञानिक-बी (सीएस) | - सदस्य |
| ९. कु. आरती सावले, वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी (एलएस) | - सदस्य, उप-समिति |
| १०. श्री अतुलकुमार तिवारी, वैज्ञानिक तकनीकी सहायक (सीएस) | - सदस्य सचिव, उप-समिति |
| ११. श्री संजय शाह, अनुभाग अधिकारी | - सदस्य सचिव, हिंदी समिति |

श्री कन्नन पी, वैज्ञानिक-ई (एलएस), कु. शिवानी ठाकुर, वैज्ञानिक-बी (एलएस) एवं डॉ रोमा असनानी, वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी (एलएस) केंद्र के कुछ अन्य कार्यो की वजह से बैठक में उपस्थित नहीं रहे।

सदस्य महानुभावो ने रूचि दिखाते हुए गहन चर्चा कर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु अपने सुझाव रखे। हिंदी को दिन-प्रतिदिन के कार्य-कलाप में अधिकतम उपयोग करने हेतु निम्न लिखित सुझाव दिए :

१. केंद्र की वेबसाइट को हिंदी एवं अंग्रेजी में देखने के लिए शुरू में ही अलग बटन देकर देखने की सुविधा दी जाए;

२. केंद्र की सभी प्रचार सामग्री द्विभाषी की जाए;

३. केंद्र में सभी दिशा निर्देश पट्ट आदि हिंदी में लगवाए जाएं;

४. सभी अधिकारी गण के परिचय कार्ड एवं संस्था के पत्रशीर्ष, पहचान पत्र, लिफाफा आदि द्विभाषी हो; तथा संस्था की वेबसाइट का एक डोमेन भी हिंदी में लिया जाए।

हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाडा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निम्न-लिखित सुझाव प्राप्त हुए:

- जो कर्मचारी अपनी दैनिक प्रवृत्ति में प्रभावी रूप से हिंदी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जाए।
- ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिंदी निबंध लेखन, वक्तृत्व स्पर्धा जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के इच्छुक कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा जाए तथा इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी पखवाड़ा के दौरान प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाए।
- हिंदी को लोक-भोग्य बनाने हेतु सभी कर्मचारी अपना योगदान दे सके और उनमे एक नयी चेतना का संचार करने हेतु हिंदी काव्य पठन, निबंध लेखन, वक्तृत्व स्पर्धा , तकनिकी कार्यो में भी हिंदी का उपयोग, कार्यशाला का आयोजन, द्रश्य-श्रव्य माध्यम से एक ऑनलाइन बहु हेतुक प्रश्नावली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाए।

इन सभी कार्यक्रमों को कर्मचारियों को निर्दिष्ट करके उनसे नामांकन मंगवाया जाए और कार्यक्रमों का संचालन किया जाये एवं प्रतिभागियों को उचित सम्मान दिया जाए। बैठक में केंद्र सरकार की विशेष समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम / कार्यशाला आयोजित करवाने के बारे में भी चर्चा हुई।

समय की पाबंधी के कारण शीध्र ही कार्यक्रम की रुप-रेखा जारी करने पर विशेष जोर दिया गया। उप-समिति से नम्र अनुरोध है की आगामी कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु रुपरेखा तैयार करे।

(अतुलकुमार तिवारी) (संजय शाह) (आरती सावले) (धर्मेशकुमार शाह)

(हरीश चंद्र) (सुरभि) (मितेषकुमार पंड्या) (गौरव प्रकाश)

(यात्रिक पटेल) (अशोक कुमार राय) (मनोज कुमार के)

Director

30/8/2022